प्रेषक,

रमेश सिंह,
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

सेवा में,

ज्वाइंट रजिस्ट्रार (एडमिन–I),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।

विषय – माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं0–/IV-2611/Admin (A-4)/ Dated : Allahabad के सम्बन्ध में, प्रापर्टी स्टेटमेन्ट पर की गयी आपत्तियों की अनुपालन आख्या ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में प्रस्तरवार आख्या निम्न प्रकार है–

1. माह अक्टूबर 2010 में मेरे द्वारा मारुती स्विफट डिजाइर कार क्रय की गयी जिसकी विस्तृत सूचना निर्धारित प्रारूप में मेरे द्वारा पूर्व में माननीय न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है, कार लोन लेने की तिथि 21.10.2010 है, पंजाब नेशनल बैंक से मुव0 4,00,000/–रूपये का कार लोन लिया गया जिसका ई0एम0आई0 मुव0 6,800/–रूपये था ।

होम लोन की तिथि 04.04.2005 है जो एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0 से लिया गया था, होम लोन की धनराशि मुव0 4,08,000/–रूपये है तथा जिसकी ई0एम0आई0 मुव0 4,844/–रूपये है ।

2. वर्ष 2005 में लखनऊ विकास प्राधिकरण से 200 वर्ग मीटर का आवासीय भूखण्ड का आवंटन मेरे पक्ष में हुआ जिसका बैनामा दिनॉक 27.12.2007 को हुआ, इसकी भी विस्तृत सूचना निर्धारित प्रारूप में मेरे द्वारा पूर्व में माननीय न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है । लखनऊ विकास प्राधिकरण में प्लाट आवंटन की तिथि 25.02.2005 है तथा बैनामे की तिथि 27.12.2007 है, इसके अलावा अन्य कोई अचल सम्पत्ति मेरे द्वारा क्रय नहीं की गयी है ।

3. प्रस्तर संख्या–3 के बारे में यह कहना है कि, R.D. A/c No-0170007600000223 है यह फ्लैक्सी R.D. है, जिसके प्रारम्भ होने की दिनॉक 21.01.2013 है तथा वार्षिक प्रीमियम मुव0 75,000/–रूपये था ।

4. मेरे द्वारा तीन पोस्टल लाईफ इंश्योरेन्स पॉलिसी ली गयीं जोकि अलग–अलग वर्षों में ली गयी हैं –

ए. पॉलिसी नं0–U.P. 107604-CC दिनॉकित 25.07.2004 है जो मुवलिग 5,00,000/–रूपये के लिए है, जिसकी मासिक प्रीमियम मुव0 2,075/–रूपये है ।

बी. पॉलिसी नं0–U.P. 215464-CC दिनॉकित 25.11.2010 है जो मुवलिग 3,00,000/–रूपये के लिए है, जिसकी मासिक प्रीमियम मुव0 1,845/–रूपये है ।

सी. पॉलिसी नं0–U.P. 252695 C C दिनॉकित 29.11.2011 है जो मुवलिग 2,00,000/–रूपये के लिए है, जिसकी मासिक प्रीमियम मुव0 1,350/–रूपये है ।

5. मेरे द्वारा पंजाब नेशनल बैंक से दो एफ0डी0आर0 बनवाये गए जो निम्न प्रकार हैं –

ए. F.D.R. No-098300 P.U 00011810 मुव0 6,00,000/–रूपये की पंजाब नेशनल बैंक से बनवाने की तिथि 22.03.2016 है ।

बी. F.D.R. No-098300 P.U 00012697 मुव0 4,00,000/–रूपये की पंजाब नेशनल बैंक से बनवाने की तिथि 06.05.2016 है ।

उपरोक्त के अलावा अन्य कोई चल व अचल सम्पत्ति मेरे द्वारा क्रय नहीं की गयी है ।

सूचना माननीय न्यायालय की सेवा में सादर प्रेषित है ।

सादर ।

भवदीय,

06.8.2021

(रमेश सिंह),
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

दिनॉक : 06.08.2021